# जीजा का प्रचार करने मुरैना गया था प्रॉपर्टी डीलर, सूने घर में चोरों ने बोला धावा

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर

जीजा का प्रचार करने गए प्रॉपर्टी डीलर के सूने घर के ताले चटकाकर चोर नगदी 65 हजार रुपए के साथ ही सोने व चांदी के जेवरों सहित चार लाख का माल पार कर ले गए। घटना महाराजपुरा थाना क्षेत्र के आदित्यपुरम की है। घटना का पता सुबह चला जब पड़ोसियों ने उनके ताले टूटे देखे तो उन्हें सूचना दी। सूचना मिलते ही वह वापस आए और पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने उनकी शिकायत पर जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

महाराजपुरा थाना क्षेत्र के आदित्यपुरम निवासी अरूण त्यागी पुत्र गोविन्दराम त्यागी प्रॉपर्टी डीलर है और प्रॉपर्टी खरीदने व बेचने का काम करते है। अभी चुनाव में उनके बहनोई अवधेश त्यागी मुरैना से चुनाव लड़ रहे है। जिसके चुनाव प्रचार के लिए वह तथा उसका पूरा परिवार मुरैना में है और यहां पर ताले डाल कर पड़ोसियों से देखभाल करने की बोल गए है। सुबह जब पड़ोसियों की नींद खुली तो पता चला कि उनके घर के ताले टूटे है और अंदर सारा सामान बिखरा पड़ा था। मामले का पता चलते ही उनको सूचना दी। सूचना मिलते ही वह वापस आए और पुलिस को शिकायत की। जिस पर पुलिस ने जांच की तो पता चला कि चोर उनके घर से 65 हजार रुपए नगदी व सोने का हार चार तोला, दो अंगूठी के साथ ही आधा किलो चांदी के जेवर सहित एलईडी व अन्य सामान पार कर ले गए है।

### नगदी-जेवर पर चोरों ने किया हाथ साफ

थाटीपुर थाना क्षेत्र निवासी सुनीता इंगले के घर पर चोरों ने धावा बोलकर अलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर व नगदी दस हजार रुपए पार कर दिए है। घटना का पता सुबह चला जब वह वापस आई तो ताले टूटे हुए थे और सारा सामान बिखरा पड़ा था। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं इसी थाना क्षेत्र के विशाल मेगा मार्ट में चोरों ने एक एसी पार कर दिया।

## दुष्कर्म के मामले में मेडिकल रिपोर्ट पर जमानत खारिज

**ग्वालियर।** महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपी अशोक के जमानत आवेदन को खारिज कर दिया है। न्यायालय ने कहा कि मेडिकल रिपोर्ट देखने के बाद यह नहीं कहा जा सकता कि महिला ने झूठे आरोप लगाए हैं लिहाजा आरोपी को जमानत का लाभ दिया जाना उचित नहीं है। आरोपी अशोक के खिलाफ 14 जून 2022 को पीड़िता ने महाराजपुरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर ढाई बजे जब वह खेत में सब्जी तोड़ रही थी और उसका पति सब्जी की टोकरी रखने गया था तभी आरोपी वहां आया और उसने उसके साथ दुष्कृत्य किया। आरोपी को रोकने की कोशिश भी की लेकिन आरोपी ने उसे कट्टा दिखाकर जान से मारने की धमकी देकर चुप करा दिया। तभी पीड़िता का पति वहां आया तो आरोपी मौके से भाग गया। महिला की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 376, 506 तथा एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

**छात्रा लापता, अपहरण का मामला दर्ज**–कोचिंग पढ़ने के लिए निकली सत्रह वर्षीय छात्रा जब वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। घटना विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र के अलकापुरी की है। छात्रा का पता नहीं चलने पर परिजनों ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने नाबालिग छात्रा के गायब होने पर अपहरण का मामला दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है। विश्वविद्यालय थाना क्षेत्र निवासी सत्रह वर्षीय छात्रा कोचिंग पढ़ने के लिए निकली थी और उसके बाद वह वापस नहीं आई। छात्रा के वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसका कहीं पर पता नहीं चला। छात्रा का पता नहीं चलने पर परिजन थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## सार.समाचार

### पत्नी मायके से वापस नहीं आई तो लगा ली फांसी

**ग्वालियर।** विवाद के बाद मायके गई पत्नी को लेने युवक पहुंचा और जब पत्नी वापस नहीं आई तो युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना गिरवाई थाना क्षेत्र के सिकंदर कंपू की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। गिरवाई थाना क्षेत्र के सिकंदरकंपू निवासी राजू कुशवाह पुत्र बाबू कुशवाह पेंटर है। चार दिन पहले घरेलू विवाद में पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद बड़ा तो पत्नी घर छोड़कर मायके चली गई थी। अब राजू का गुस्सा कम हुआ और बच्चों की याद आई तो वह पत्नी को मनाने उन्हें लेने के लिए पहुंचा तो पत्नी ने आने से इनकार कर दिया। इसके बाद वह वापस घर आया और अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब मकान मालिक किसी काम से उसके पास आया और कमरे में पहुंचा तो वह फांसी के फंदे से लटका हुआ था। तुरंत ही पुलिस को सूचना दी। सूचनामिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है।

### बाजार से आया, लगा ली फांसी

**ग्वालियर।** महाराजपुरा थाना क्षेत्र की चकरायपुरा निवासी शाहरूख खान पुत्र जन्नत खान मार्केट से आया और अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना का पता उस समय चला जब पड़ोसी ने उसे फांसी के फंदे से लटके देखा तो पुलिस और परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मर्ग कायम कर लिया है। फिलहाल पता नहीं चला है कि किन कारणों के चलते उसने फांसी लगाकर जान दी है। जांच में पता चला है कि जब शाहरूख खान ने फांसी लगाकर जान दी थी उस समय उसकी पत्नी व बच्चे मामा के यहां थे। फिलहाल पता लगाया जा रहा है कि कारणों के चलते उसने फांसी लगा कर जान दी है।

### ऑटो चालक ने छात्रा को टक्कर मारकर दी गालियां

**ग्वालियर।** मार्केट जा रही छात्रा को एक ऑटो चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी। घटना का छात्रा ने विरोध किया तो आरोपी चालक ने छात्रा से गाली गलौज की। घटना की शिकार छात्रा थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने छात्रा की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। महाराजपुरा थाना क्षेत्र के आदित्यपुरम निवासी दीपाली पुत्री अशोक जादौन मार्केट जा रही थी। अभी वह आदित्याज होटल के पास पहुंची ही थी कि तभी तेज रफ्तार से आ रहे एक ऑटो (एमपी 07 आरए 7603) के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए दीपाली को टक्कर मार दी। जब छात्रा ने इसका विरोध करते हुए उसे सावधानी से चलाने को कहा तो आरोपी चालक लड़ने पर आमादा हो गया और उससे गाली गलौज करते हुए धमकी दे दी। गाली गलौज और धमकी का शिकार पीड़िता थाने पहुंची और मामले की शिकायत की। पुलिस ने उसकी शिकायत पर एक्सीडेंट व गाली गलौज करने का मामला दर्ज कर लिया है।

# शारीरिक व बौद्धिक व्यायाम के साथ अनुशासन भी सिखाते हैं खेल-तोमर

44वीं शतरंज ओलंपियाड मशाल पहुंची ग्वालियर, केंद्रीय मंत्री ने की अगवानी

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर



44वें शतरंज ओलम्पियाड की मशाल मंगलवार को ग्वालियर पहुंची, जहां केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने इसकी अगवानी की। इस अवसर पर श्री तोमर ने कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन के लिए नहीं होते बल्कि खेल हमें शारीरिक व बौद्धिक व्यायाम के अतिरिक्त अनुशासन का संस्कार भी सिखाते हैं।

ग्वालियर के लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीट्यूट आफ फिजिकल एज्युकेशन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने कहा कि ये अवसर हम सबको पहली बार मिल रहा है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने शतरंज को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गत 19 जून को इस मशाल रिले की शुरूआत की थी, जिसके बाद देश के अनेक हिस्सों में भ्रमण करते हुए मध्य प्रदेश पहुंची है। श्री तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश के लिए यह खुशी और गौरव की बात है कि शतरंज ओलम्पियाड टॉर्च उज्जैन, इंदौर, भोपाल, साँची के प्रमुख स्थल का भ्रमण कर ग्वालियर पहुंची है।

श्री तोमर ने कहा कि यह प्रसन्नता की बात है कि ऑल इंडिया शतरंज फेडरेशन के तत्वावधान में भारत को पहली बार शतरंज ओलम्पियाड की मेजबानी करने का मौका मिला है। इस ओलम्पियाड में 187 देशों के दो हजार से अधिक खिलाड़ी अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री तोमर ने शतरंज ओलम्पियाड टॉर्च, ग्वालियर के 16 वर्षीय ख्यात शतरंज खिलाड़ी ओजस्व सिंह को सौंपी। ओजस्व एलएनआईपीई से मशाल लेकर ग्वालियर फोर्ट एवं प्रमुख स्थलों का भ्रमण करेंगे।

इस अवसर पर शतंरज एसोसिएशन एडहॉक कमेटी के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा कि शतरंज ओलम्पियाड टॉर्च रिले का उद्देश्य शतरंज को बढ़ावा देना है। टॉर्च रैली भारत के लिए एक उपहार है। इससे पहले शतरंज ओलम्पियाड में कभी ऐसी रैली नहीं निकली थी, भविष्य में होने वाले ओलम्पियाड में यह रैली भारत से ही निकलेगी। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के महाबलीपुरम में 28 जुलाई से 10 अगस्त तक शतरंज ओलम्पियाड का आयोजन किया जा रहा है। ग्वालियर के कार्यक्रम में अनेक गणमान्यजन, शतरंज फेडरेशन और एसोसिएशन के पदाधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी एवं शतरंज की ओलंपियाड मशाल के साथ आए हुए ग्रेंड मास्टर्स उपस्थित थे।

भारत जब आजादी का 75वां वर्ष मना रहा है और अमृत महोत्सव देशभर में आयोजित किया जा रहा है, ऐसे में ये शतरंज ओलंपियाड मशाल केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय द्वारा चुने गए देशभर में 75 आइकानिक लोकेशन्स की यात्रा कर रही है व 28 जुलाई को चैन्नई पहुंचेगी। मेजबान होने के नाते, भारत 44वें शतरंज ओलंपियाड में 20 खिलाडि?ों को मैदान में उतारने के लिए तैयार है, शतरंज में देश का यह अब तक का सबसे बड़ा दल है।

## बारिश का पानी निकालने छत पर गए पिता-पुत्र पर हमला

**ग्वालियर।** बारिश का पानी एक परिवार के दो भाइयों के बीच झगड़े का कारण बन गया। छत पर भरा पानी निकालने गए पिता-पुत्र पर उनके ही रिश्तेदारों ने हमला कर दिया। आधी रात हुए पथराव में पिता-पुत्र घायल हो गए हैं। घटना माधौगंज के फर्श वाली गली उटारखाना की है। पुलिस ने घायल पिता-पुत्र की शिकायत पर हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घायल का कहना है कि पड़ोसी रिश्तेदार आए दिन इस तरह का व्यवहार करते हैं। जिससे उनका परिवार दहशत में रहता है। माधौगंज स्थित फर्श वाली गली जटार खाना निवासी 50 वर्षीय खालिद अख्तर अपने परिवार के साथ यहां रहते हैं। सोमवार देर रात को ग्वालियर में तेज बारिश के बाद छत पर पानी भर गया था। खालिद अख्तर अपने बेटे 15 वर्षीय जुबेर मोहम्मद को लेकर छत पर भरा पानी निकालने गए थे। अभी वह छत पर मोरी में से पानी निकाल रहे थे कि तभी खालिद का भाई शाहिद और शाहिद की पत्नी फिरदौस छत पर आ गए। वह दोनों खालिद और उसके बेटे के छत पर आने को लेकर विवाद करने लगे। इस छत को लेकर दोनों में विवाद चल रहा है। शाहिद और फिरदौस ने पिता-पुत्र पर पथराव कर दिया। एक पत्थर जुबेर के हाथ पर आकर लगा और दूसरा उसके पिता को लगा। दोनों घायल हो गए हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराने के बाद मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। खालिद अख्तर ने आरोप लगाया है कि उन पर आए दिन इस तरह के हमले उनके भाई व भाई की पत्नी द्वारा किया जाता है। जिस कारण उनका पूरा परिवार दहशत में जीवन यापन करने पर विवश है। मामले में माधौगंज पुलिस का कहना है कि घायल की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट व पथराव का मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है। जल्द ही गिरफ्तारी कल ली जाएगी।

# शहर के 40 मतदान केन्द्र भवनों को बनाया आदर्श




**ग्वालियर।** मतदाताओं को मतदान के प्रति उत्साहित करने तथा नवीन युवा मतदाताओं को अधिक से अधिक संख्या में अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिये प्रोत्साहित करने हेतु जिला निर्वाचन द्वारा जिले में 40 भवनों में बने मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्र बनाया गया है। आदर्श मतदान केन्द्र में मतदाताओं को मतदान के दौरान एकदम नया अनुभव हो, इसके लिये भवन के भू-तल पर प्रवेश द्वार को तोरण द्वार, रंगोली, गुब्बारों एवं फूलों आदि से सजाया गया।

निगमायुक्त किशोर कन्याल के निर्देशन में अधिक से अधिक मतादाता अपने मताधिकार के लिये आगे आयें इसे देखते हुए शहर के विभिन्न मतदान केन्द्र भवनों को आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा वहां सेल्फी पॉइंट भी बनाये गए हैं। इसके साथ ही मतदाताओं के लिए छायादार प्रतीक्षा कक्ष, बैठने के लिए कुर्सियां, कार्पेट आदि की व्यवस्था की गई है तथा महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक-पृथक लाइन बनाने के साथ ही वरिष्ठ, वृद्ध, बीमार एवं दिव्यांग मतदाताओं को मतदान में प्राथमिकता दिलाई जाएगी एवं सेल्फी पॉइंट बनाया गया है जहां मतदाता अपना मत डालकर सेल्फी ले सके। प्रवेश एवं निर्गम द्वार पृथक-पृथक बनायें। रैम्प और व्हीलचेयर और फर्स्ट एड बॉक्स की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही स्वच्छ पेयजल, प्रकाश एवं शौचालय की व्यवस्था की गई जिससे मतदान करने आने वाले मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। निगमायुक्त ने शहरवासियों से मतदान करने की अपील भी की है।

## चुनाव में पेंशनर्स करेंगे सत्ताधारी पार्टी के प्रत्याशियों का विरोध

**ग्वालियर।** मप्र सेवानिवृत्त डिप्लोमा इंजीनियर्स एसोसिएशन भोपाल की प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में चर्चा के दौरान मध्यप्रदेश के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मध्यप्रदेश सरकार एवं छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल की सरकार राज्य पुर्नगठन धारा 49(6) को आधार बनाकर अपने-अपने राज्यों में पेंशनर्स के हितों की घोर उपेक्षा कर रही है। मप्र में पेंशनर्स को 31 प्रतिशत के स्थान पर महज 17 प्रतिशत राहत प्रदान की जा रही है। जबकि केन्द्र सरकार के पेंशनर्स को 34 प्रतिशत महंगाई राहत प्राप्त हो रही है। फलतः मध्यप्रदेश के पेंशनर्स को वर्तमान महंगाई के काल में जीवन यापन करना कठिन हो रहा है। इस कारण प्रांतीय कार्यकारिणी ने निर्णय लिया है कि मप्र राज्य में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए प्रत्येक नगर निगम और नगर पालिका के निर्वाचन में संघ की समस्त क्षेत्रीय एवं जिला समितियों द्वारा प्रांतीय कार्यकारिणी के निर्देश का पालन करते हुए प्रदेश में सत्ता में काबिज भाजपा सरकार के प्रत्याशियों का पेंशनर्स द्वारा विरोध किया जाएगा।

## मतदान के दिन रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**ग्वालियर।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी नगरीय निकाय आम निर्वाचन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में दो चरणों में मतदान होगा। ग्वालियर जिले में प्रथम चरण में 6 जुलाई को मतदान होगा। द्वितीय चरण में प्रदेश के अन्य जिलों में 13 जुलाई को मतदान होगा। राज्य शासन द्वारा दोनों ही चरणों मे संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। परक्राम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट) 1881 की धारा-25 के तहत यह अवकाश घोषित किया गया है।

# कर्मफल से कोई नहीं बच सकता, जैसे कर्म करोगे वैसा फल मिलेगा: मुनिश्री

दबंग रिपोर्टर » ग्वालियर



संतों का काम मनुष्य को धर्म का मार्ग दिखाना है। जीवन में धन तो हर कोई कमा सकता है, लेकिन भक्ति करने का सौभाग्य हर किसी के नसीब में नहीं होता है। प्रभु भक्ति का धन जो कमा लेता है उसका कल्याण होता है। यह विचार श्रमण मुनिश्री विनय सागर महाराज ने मंगलवार को सीपी कालोनी स्थित जैन मंदिर में धर्मसभा में व्यक्त किए।

मुनिश्री ने कहा कि संसार में कर्म फल से कोई नहीं बच सकता है। जैसे कर्म करोगे वैसे फल मिलेंगे। पीड़ित जीव की सेवा से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। सेवा और पूजा समझकर किए गए कार्य खुद के लिए तो प्रसन्नाता दायक होते ही हैं, इससे भगवान भी खुश होते हैं। कर्म ऐसे करें कि हमें पछताना न पड़े। मुनिश्री ने कहा कि जिसका स्वभाव सरल हो, मन निर्मल हो और जो मिल जाए उसी में संतोष हो ऐसे व्यक्ति दुनिया में विरले ही होते हैं। जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विनय सागर महाराज पद विहार कर मुरार स्थित सीपी कॉलोनी पहुँचे। मुनिश्री ने दिगंबर जैन लाला मंदिर में विराजित भगवान जिनेंद्र देव के दर्शन कर वंदन की। मुनिश्री की आहरचार्य राजीव संजीव जैन के निवास पर संपन्न हुई।

### युवतियों का फैशन व युवकों का धन व्यसनों में बर्बाद

मुनिश्री विनय सागर महाराज ने कहा कि भौतिकता की अंधी दौड़ में मनुष्य पाप कर्म करने से जरा भी हिचकता नहीं है। आज युवतियों का धन फैशन और युवकों का धन व्यसन में बर्बाद हो रहा है। धन का हमेशा सदुपयोग करना चाहिये। जिससे अच्छा स्वास्थ्य और सुविधाएं प्राप्त हो सके।

मुनिश्री ने कहा कि मनुष्य में दो तरह के आचरण होते हैं प्रभुता और पशुता का। जो अच्छे कर्म करते हैं, त्याग, तपस्या, साधना के साथ धर्मध्यान करते हैं उनका आचरण प्रभुता की श्रेणी में आता है और जो बुरे कर्म करते हैं, हमेशा ही राग द्वेष और दूसरों की वस्तुओं को छीनने में लगे रहते हैं या हर समय स्वयं के स्वार्थ के वशीभूत होकर दूसरों का बुरा ही सोचते हैं यह पशुता की श्रेणी में आता है। इसलिए हमें जो दुर्लभ मनुष्य जीवन मिला है इसको पशुता की तरह आचरण और व्यवहार करके नहीं गंवाएं बल्कि तप, त्याग और साधना का मार्ग अपना कर इसे प्रभुता की श्रेणी में लाएं ताकि आपके जीवन का कल्याण हो सके और आप मोक्ष मार्ग पर अग्रसर हो सकें।

Yellow Diamond

**प्रताप स्नैक्स लिमिटेड**

सीआईएन: L15311MP2009PLC021746

**पंजीकृत कार्यालय:** खसरा नं. 378/2, नेमावर रोड, मकरंद हाउस के पास, इन्दौर-452020, मध्य प्रदेश, भारत । दूरभाष: (+91 731) 243 9999

ई-मेल: complianceofficer@yellowdiamond.in वेबसाइट: www.yellowdiamond.in

**कंपनी की 13वीं वार्षिक सामान्य बैठक की जानकारी हेतू सूचना**

एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि कंपनी की 13वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) बुधवार, 3 अगस्त, 2022 को दोपहर 3:30 बजे आईएसटी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) या अन्य ऑडियो विजुअल मीन्स (ओएवीएम) के माध्यम से कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बनाए गए नियमों के लागू प्रावधानों और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) (सूचीकरण दायित्वों और प्रकटीकरण आवश्यकताओं के अनुपालन में) विनियम, 2015, परिपत्र संख्या 02/2022 दिनांक 05 मई, 2022, परिपत्र संख्या 21/2021 दिनांक 14 दिसंबर, 2021, परिपत्र संख्या 02/2021 दिनांक 13 जनवरी, 2021, परिपत्र संख्या 14/2020 दिनांक 8 अप्रैल 2020, परिपत्र संख्या 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल 2020 तथा परिपत्र संख्या 20/2020 दिनांक 05 मई 2020 दिनांकित के साथ पाठित: कॉपरेट मामलों के मंत्रालय और परिपत्र संख्या सेबी/एचओ/सीएफडी/सीएमडी2/सीआईआर/पी/2022/62 दिनांक 13 मई, 2022 सेबी द्वारा जारी (सामूहिक रूप से परिपत्रों के रूप में संदर्भित), एजीएम को बुलाने वाले नोटिस में निर्धारित व्यवसाय को लेन-देन करने के लिए आयोजित की जाएगी। सदस्य वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में शामिल हो सकेंगे।

संबंधित परिपत्रों के अनुपालन में, एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 जिसमें 31 मार्च, 2022 को समाप्त वित्तीय वर्ष के लिए स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरण, बोर्ड की रिपोर्ट, लेखा परीक्षक की रिपोर्ट और अन्य दस्तावेज कम्पनी के उन शेयरधारकों को ई-मेल द्वारा भेजे जाएगें, जिनके ई-मेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी सहभागियों के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट 2021-22 कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर व स्टॉक एक्सचेंज यानि बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com व नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध होगी साथ ही सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (CDSL) की वेबसाइट www.cdslindia.com पर भी उपलब्ध होगी। वार्षिक रिर्पोट की हार्ड कॉपी सदस्यों के निवेदन पर उनहे भेजी जाएगी।

**रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से वोट डालने का तरीका:**

डीमैटीरियलाइज्ड मोड, फिजिकल मोड में शेयर रखने वाले सदस्यों और जिन सदस्यों ने अपने ईमेल पते पंजीकृत नहीं किए हैं, उन्हें रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने का तरीका एजीएम की सूचना में प्रदान किया गया है।

ई-वोटिंग प्रणाली के माध्यम से मतदान की सुविधा एजीएम में भी उपलब्ध कराई जाएगी और एजीएम में भाग लेने वाले सदस्य जिन्होंने रिमोट ई-वोटिंग द्वारा अपना वोट नहीं डाला है, वे ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से एजीएम में मतदान कर सकेंगे। एजीएम के नोटिस में ई-वोटिंग सिस्टम के जरिए वोटिंग का तरीका बताया गया है।

जिन शेयरधारकों के ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी सहभागियों के पास पंजीकृत नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि बैठक में रिमोट ई-वोटिंग/ई-वोटिंग के लिए वे अपना ईमेल पता/मोबाइल नंबर दर्ज करने के लिए एजीएम की सूचना में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करें। जो निम्नानुसार संक्षिप्त किया गया है:

भौतिक शेयरधारकों के लिए – कृपया फोलियो नंबर, शेयरधारक का नाम, शेयर प्रमाणपत्र (आगे और पीछे), पैन (पैन कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी), आधार (आधार कार्ड की सेल्फ अटेस्टेड स्कैन कॉपी) जैसे आवश्यक विवरण einward.ris@kfintech.com पर प्रदान करें।

डीमैट शेयरधारकों के लिए – कृपया अपनी ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (डीपी) के साथ अद्यतन करें, जो ई-वोटिंग और डिपॉजिटरी के माध्यम से वर्चुअल मीटिंग में शामिल होने के दौरान अनिवार्य है।

**ईमेल पतों को पंजीकृत/अद्यतन करने का तरीका:**

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य और जिन्होंने कंपनी के साथ अपने ईमेल पते पंजीकृत/अपडेट नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध किया जाता है कि वे अपना नाम, फोलियो नंबर, ईमेल आईडी और पैन कार्ड की स्व-सत्यापित प्रति ईमेल के माध्यम से केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट einward.ris@kfintech.com पर भेजकर पंजीकृत/अपडेट करें।

डीमैटेरियलाइज्ड मोड में शेयर रखने वाले सदस्य और जिन्होंने अपने डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट के साथ अपने ईमेल एड्रेस को रजिस्टर/अपडेट नहीं किया है, उनसे अनुरोध है कि वे डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स के साथ अपने ईमेल एड्रेस को रजिस्टर/अपडेट करें, जिनके साथ वे अपना डीमैट अकाउंट बनाए रखते हैं।

ई-वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के लिए लॉगिन क्रेडेंशियल की जानकारी सदस्यों को ईमेल के माध्यम से भेजी जाएंगी, जिन सदस्यों को ईमेल प्राप्त नहीं होता है या जिनके ईमेल पते कंपनी के साथ पंजीकृत नहीं हैं, वे केफिन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट को einward.ris@kfintech.com पर लिख सकते हैं।

**लाभांश प्राप्त करने के लिए अधिदेश दर्ज करने का तरीका:**

भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए – हस्ताक्षरित फॉर्म आईएसआर-1 की स्कैन कॉपी जमा करें जिसमें शेयरधारक का बैंक विवरण (बैंक खाता संख्या, बैंक और शाखा का नाम और पता, आईएफएससी) और रद्द चेक पत्र, पासबुक परया बैंक स्टेटमेंट ईमेल द्वारा einward.ris@kfintech.com पर भेजें। फॉर्म आईएसआर-1 कंपनी की वेबसाइट www.yellowdiamond.in पर उपलब्ध है और शेयर ट्रांसफर एजेंट कि वेबसाइट www.kfintech.com पर भी उपलब्ध है।

डीमैट मोड में शेयर धारित करने वाले शेयरधारकों के लिए – अपने डिपोजिटरी सहभागियों को अनिवार्य रूप से आवश्यक विवरण जमा करें जिनके साथ वे अपना डीमैट खाता रखते हैं।

**सदस्यों से अनुरोध है कि वे एजीएम की सूचना में दिए गए सभी नोट्स और विशेष रूप से एजीएम के दौरान वीसी/ओएवीएम, रिमोट ई-वोटिंग और ई-वोटिंग के माध्यम से एजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारकों के लिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

डिपोजटरी यानी सीडीएसएल और एनएसडीएल के माध्यम से लॉगिन से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के लिए डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारकों के लिए हेल्पडेस्क विवरण :

| लॉगिन के तरीके | हेल्पडेस्क विवरण |
| --- | --- |
| सीडीएसएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | लॉगिन में किसी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य helpdesk.evoting@cdslindia.com पर अनुरोध भेजकर सीडीएसएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोलफ्री नं. 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते है। |
| एनएसडीएल के साथ डीमैट मोड में प्रतिभूति रखने वाले व्यक्तिगत शेयरधारक | लॉगिन में किसी भी तकनीकी समस्या का सामना करने वाले सदस्य evoting@nsdl.co.in पर अनुरोध भेजकर एनएसडीएल हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं या टोल फ्री नंबर: 1800 1020 990 और 1800 22 44 30 पर कॉल कर सकते हैं। |

ANIL PUB.

यदि आपके पास सीडीएसएल ई-वोटिंग सिस्टम से एजीएम और ई-वोटिंग में भाग लेने के संबंध में कोई प्रश्न या समस्या है, तो आप helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल लिख सकते हैं या टोलफ्री नं. 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान की सुविधा से जुड़ी सभी शिकायतों के लिए श्री राकेश दालवी, वरिष्ठ प्रबंधक, (सीडीएसएल) सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड, ए विंग, 25वीं मंजिल, मैराथन फ्यूचरएक्स, मफतलाल मिल कंपाउंड्स, एनएम जोशी मार्ग, लोअर परेल (पूर्व), मुंबई – 400013 से सम्पर्क कर सकते है या helpdesk.evoting@cdslindia.com पर ईमेल भेजें या टोलफ्री नं. 1800 22 55 33 पर संपर्क कर सकते हैं।

**कृते प्रताप स्नैक्स लिमिटेड**
(हस्ताक्षर)
**ओम प्रकाश पाण्डे**
कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी

स्थान: इन्दौर
दिनांक: 05, जुलाई 2022